## श्री संजय कुमार पाण्डेय, माननीय स0वि0स0 से प्राप्त निवेदन प्रश्न संख्या–660/2026 का उत्तर प्रतिवेदन।

| प्रश्न | उत्तर प्रतिवेदन |
| --- | --- |
| पश्चिमी चम्पारण (बेतिया) जिला के नरकटियागंज विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत त्रिवेणी नहर प्रमंडल के बेलवा एवं साठी नहर से निकलने वाली वितरणी, उप–वितरणी में सिल्ट एवं गाद जमा हो चुका है तथा कई जगहों पर केनाल टूटा हुआ है, जिसके कारण वर्षों से सिंचाई कार्य बाधित है। नहर के वितरणी एवं उप–वितरणी के टूटने से किसानों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उक्त नहर का किसानों के हितों में जीर्णोद्धार करवाने की आवश्यकता है।<br>अतः मैं सदन के माध्यम से त्रिवेणी नहर प्रमंडल के बेलवा एवं साठी नहर से निकलने वाली वितरणी, उप–वितरणी में सिल्ट एवं गाद के निकासी तथा नहरों का जीर्णोद्धार करवाने हेतु निवेदन करता हूँ। | वस्तुस्थिति यह है कि<br>पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत तिरहुत मुख्य नहर के कि०मी० 2.89 (बायाँ) से त्रिवेणी शाखा नहर निःसृत है तथा त्रिवेणी शाखा नहर के कि0मी0 72.83 (दायाँ) से बेलवा– साठी वितरणी निकलती है। बेलवा– साठी वितरणी का रूपांकित जलश्राव 268.81 क्यूसेक है, जिसके विरूद्ध विगत खरीफ अवधि 2025 में 200 क्यूसेक जलश्राव प्रवाहित कराकर नहर के अंतिम छोर तक सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराया गया है।<br>त्रिवेणी नहर प्रमंडल, नरकटियागंज अंतर्गत पूर्वी गंडक नहर प्रणाली का पुनर्स्थापन कार्य में त्रिवेणी शाखा नहर से निःसृत वितरणी एवं उप–वितरणी का पुनर्स्थापन का प्रावधान किया गया है, जिसे वित्तीय वर्ष 2026–27 में पूर्ण कराने का लक्ष्य है। इसके अतिरिक्त 20 घनसेक से कम जलश्राव वाले नहरों का पुनर्स्थापन कार्य VB-G RAM G (मनरेगा) के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है। |

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

**ज्ञापांक–25/वि0स0नि0(मो0)–03–29/2026–** **पटना, दिनांक–**

**प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को उनके ज्ञापांक–1128 दिनांक–07.05.2026 के प्रसंग में निवेदन सं0–660/26 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।**

**ह0/–**
**(अनिल कुमार गुप्ता)**
**संयुक्त सचिव**

Desktop-R.M.F./2025/Sec-25/memo

ज्ञापांक–25 / वि0स0नि0(मो0)–03–29 / 2026– पटना, दिनांक–
प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0नि0(मो0)–03–29 / 2026– पटना, दिनांक–
प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0नि0(मो0)–03–29 / 2026– 3636, पटना, दिनांक– 13/08/2026
प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13.08.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo